Lost Found person

बिछुड़े हुये लापता व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाने का एक सामाजिक प्रयास

Admin. : RAHUL SHARMA
Mobile : 9782279219

E-mail : contact@lostfoundperson.com
Website: www.lostfoundperson.com

क्रमांक : Lostfound/ 2018/ 147

दिनांक : 2 Feb. 2018

प्रेस – नोट

तीन साल मिले भाई बहन, तो आंसुओं में उमड़ पड़ा सैलाब

जयपुर। जयपुर के शास्त्री नगर स्थित एस.ओ.एस. बालग्राम में 30 जनवरी के उस पल ने वहां उपस्थित हर इंसान को भाव विभोर होने के लिए विवश कर दिया, जब तीन साल से बिछुडे हुए भाई– बहन आपस में गले मिलकर रो रहे थे और हंसकर साथ में खेल भी रहे थे। दरअसल राजस्थान की कोटा पुलिस को सितम्बर, 2013 में तीन भाई– बहन लावारिस भटकते हुए मिले थे। इनके परिवारों से मिलाने की कोशिश करते हुए इन तीनों को अलग– अलग जिलों के एक से दूसरे शिशुगृहों में स्थानान्तरित किया जाता रहा और स्थानान्तरण की इस कड़ी में नवम्बर, 2014 में ये तीनों भाई– बहन आपस में भी बिछुड़ कर अंततः दोनों भाई सूरज और अभिमन्यु एस.ओ.एस., बालग्राम जयपुर में और बहन पूजा, आरती बालिका गृह, अलवर में रह गई।

आरती बालिका गृह के माध्यम से यह प्रकरण लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान की जानकारी में आने पर अभियान द्वारा इन दोनों भाइयों की खोज प्रारंभ की गई और जिला जयपुर व अलवर की बाल कल्याण समितियों के सहयोग से दोनों भाइयों को एस.ओ.एस. बालग्राम, जयपुर में खोज निकाला गया। दोनों जिलों की बाल कल्याण समितियों के आदेशों के उपरान्त 30 जनवरी को आरती बालिका गृह के संचालक चेतराम सैनी बालिका पूजा को लेकर एस.ओ.एस. बालग्राम पहुंचे, जहां तीनों भाई– बहन एक दूसरे को देखकर बेहद खुश हुए और उसके बाद आपस में गले लगकर उनकी आंखों से उमड़ने वाले आंसुओं के सैलाब और उसके बाद उन भाई– बहनों की प्रसन्नता ने वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को भाव विभोर होने के लिए विवश कर दिया।

लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान के संस्थापक राहुल शर्मा इन भाई– बहनों को मिलाने के लिए बाल कल्याण समिति जयपुर की सदस्य निशा पारीक, आरती बालिका गृह अलवर के संचालक चेतराम सैनी एवं एस. ओ.एस. बालग्राम जयपुर की संचालिका अंजलि भट्ट का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। शर्मा स्वयं अंजलि भट्ट और चेतराम सैनी के साथ इस मिलन के साक्षी बने।

- **क्या है लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान**

लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान राजस्थान पुलिस एवं सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार से अधिकृत देशव्यापी सामाजिक अभियान है, जिसका उद्देश्य बिछुड़े हुए लावारिस व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाने का प्रयास करना है। इस अभियान का शुभारम्भ भारतीय नववर्ष के अवसर पर दिनांक 8 अप्रैल, 2016 को किया गया था और इतने कम समय में यह अभियान सम्पूर्ण भारतवर्ष के सैंकड़ों व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाने में सफलता प्राप्त कर चुका है।

- **ऐसे जुड़ें लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान से**

अभियान से जुड़ने के इच्छुक व्यक्ति शर्मा के व्हाट्सएप नम्बर 9782279219 पर संपर्क स्थापित करके अभियान के व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ सकते हैं। इसके अलावा अभियान की वेबसाइट lostfoundperson.com पर जाकर स्वयं को वॉल्युन्टीयर के रूप से रजिस्टर कर सकते हैं तथा अभियान के फेसबुक ग्रुप व ट्विटर अकाउन्ट को फॉलो कर सकते हैं। फेसबुक ग्रुप व ट्विटर अकाउन्ट का लिंक वेबसाइट के होम पेज पर दिया गया है।

कोई भी आम व्यक्ति किसी भी लापता व्यक्ति या लावारिस पाये गये व्यक्ति का विवरण सीधे ही अभियान की वेबसाइट पर दर्ज कर सकता है अथवा दिये गये व्हाट्सएप नम्बर पर उपलब्ध करा सकता है।

(राहुल शर्मा)